# गणतंत्र दिवस से लोगों की सेवा के लिये समर्पित होगी सड़क सुरक्षा फोर्स: मान

चंडीगढ़, 17 जनवरी (वेब वार्ता)। पंजाब के लोगों के लिए बड़ी खबर सामने आ रही है। आपको बता दें कि श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व के शुभ दिवस पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 461 नौजवानों को नियुक्ति पत्र सौंपे और लोगों को इन्साफ दिलाने के लिए दसमेश पिता के नक्शे कदम पर चलने का न्योता दिया। म्यूंसिपल भवन में नियुक्ति पत्र देने के लिए समागम के दौरान संबोधन करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू साहिब ने हमें जुल्म, बेइन्साफ़ी और दमन के विरुद्ध लड़ने का उपदेश दिया था।



उन्होंने कहा कि इस पवित्र दिवस पर हम सभी को अपनी ड्यूटी पूरी इमानदारी, लगन और लगन के साथ निभाने का प्रण लेना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमें श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के दर्शाऐ मार्ग पर चलते हुये लोगों की सेवा उत्साह के साथ करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह म्यूंसिपल भवन ऐसे कई समागमों का गवाह रहा है, जिसमें नौजवानों को अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरियाँ मिलीं हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह उनके लिए बहुत ही मान और संतोष की बात है कि अब तक 40 हज़ार से अधिक नौजवानों को केवल योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियों के लिए चुना गया है। सीएम भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब यह नौजवान सरकार का अटूट अंग बन चुके हैं और अब उनको मिशनरी जज़्बे के साथ लोगों की सेवा करनी चाहिए। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि नये भर्ती हुए नौजवान लोगों के लिए इन्साफ यकीनी बनाने के साथ-साथ अपनी कलम का प्रयोग समाज के जरूरतमंद और पिछड़े वर्गों की मदद के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि नये भर्ती हुए नौजवानों को अधिक से अधिक लोगों की भलाई यकीनी बनानी चाहिए जिससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री मान ने बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर सड़क सुरक्षा फोर्स लोगों की सेवा में समर्पित की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस समय पर यह फोर्स कपूरथला में प्रशिक्षण ले रही है और राज्य में सड़क हादसों के कारण होने वाली मौतों की दर को घटाने के लिए और राज्य की सड़कों पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए इस फोर्स की शुरुआत की जायेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अपनी किस्म की यह पहली विशेष फोर्स पंजाब में रोज़मर्रा के सड़क हादसों में व्यर्थ जा रही कीमती जानें बचाने के लिए अहम भूमिका निभाएगी और इस फोर्स को गलत ड्राइविंग को रोकने, वाहनों के यातायात को सुचारू बनाने और सड़क हादसों की जांच का काम सौंपा जायेगा।

## हेरिटेज निगम आयुक्त ने साढ़े तीन धन्टे में हवामहल एवं किशनपोल के 18 सिविल कार्यों का निरीक्षण किया

***मेनहोल्स व सड़कों की हालत प्राथमिकता से सुधारें, स्वीकृत बन्द कार्यों को शीध्र शुरू कर पूर्ण करवायें***

जयपुर, 17 जनवरी। नगर निगम जयपुर हेरिटेज आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा ने बुधवार को लगभग साढे तीन धन्टे तक हवामहल एवं किशनपोल जोन के 18 पूर्ण एवं प्रगतिरत सिविल कार्यों का निरीक्षण किया ।

श्री सुराणा ने अधिशाषी अभियन्ता श्री महेन्द्र सिंह के साथ चौड़ा रास्ता डिवाईडर निर्माण कार्य, छोटी चौपड़ से सरगासूली तक रोड साईड सीमेन्ट कंक्रीट का कार्य, वार्ड 73 में सोन्थलियों वालो का रास्ता छाबड़ा भवन वाली गली में सीसी निर्माण कार्य, वार्ड 70 में सोंखियों का रास्ता व बावर्ची मार्ग में सीसी सड़क, वार्ड 72 में मीर जी का बाग में सीसी सड़क,वार्ड 67 में मीर जी का बाग में सीसी सड़क, वार्ड 55 चाँदपोल श्मशान धाट के जीर्णोद्वार का विधायक मद से कार्य, वार्ड 72 के वार्ड कार्यालय का निर्माण कार्य,वार्ड नं0 55 में शास्त्री नगर कब्रिस्तान में विभिन्न विकास कार्यों, वार्ड 67 में वार्ड कार्यालय का निर्माण कार्य, वार्ड नं 5 राजीव नगर में नाला विकास निर्माण कार्य, वार्ड नं0 7 थाना के सामने निर्मित ग्रीन वैली, वार्ड नं0 16 राज0बाल उच्च मा0 विधालय के पास शिवाजी नगर में सामुदायिक भवन का विधायक मद से निर्माण कार्य,वार्ड 17 झूलेलाल मंदिर के पास विधायक मद से सामुदायिक हॉल निर्माण, वार्ड नं0 17 में ष्झूलेलाल मंदिर के पास विधायक मद से सार्वजनिक हॉल निर्माण कार्य,वार्ड नं0 15 मदरसा हिदायतुल स्लॉम गर्ल्स स्कूल भवन के प्रथम तल का निर्माण व वार्ड नं0 7 में राजीव आवास योजना के पास प्राइमरी स्कूल भवन का निर्माण आदि का जायजा लिया



निरीक्षण के दौरान श्री सुराणा ने सड़क निर्माण के दौरान जिन मेनहोल के ढक्कन सड़क से नीचे हो गये हैं उँचा करवा कर सड़क के लेवल में करवाने, जो सामग्री नाली में चली गई है उनका हटवा कर पाली का फ्लो सुचारू करने, सड़कों के किनारे जहाँ सही हालत में नहीं है।

# G -22 समरसता अवार्ड भोपालगढ़ विधायक गीता बरबड़ को प्रदान किया



**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**

जयपुर, 17 जनवरी (नरेंद्र पांडे)। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच का **G**-22 सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन भारत की शक्ति, भारत की प्रतिष्ठा,भारत के पञ्चशील सिद्धान्त,भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता मिले भारत समृद्ध राष्ट्र बने आदि का संदेश विश्व में पहुंचाने के लिए के लिए नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित किया गया। सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन को विश्व के बाइस देशों का नैतिक समर्थन प्राप्त है।

सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भारत की ओर से 150 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने भाग लिया। सम्मेलन में नेपाल सरकार की नामचीन हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर सम्मेलन को मजबूती प्रदान की इस सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन के प्रतिनिधि मंडल में भोपालगढ़ विधायक गीता बरबड़ के प्रतिनिधि कालूराम सोनेल ने नेपाल में मारवाड़ियो से मुलाकात कर भारत नेपाल के ढुसंबंधों को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया एव आपसी सहयोगात्मक रवैया अपना कर मजबूत होने पर बल दिया।

विधायक गीता बरबड़ के काठमांडू नेपाल में आयोजित सांस्कृतिक सम्मेलन में उपस्थित नहीं हो पाने के कारण वह अपना अवार्ड प्राप्त नहीं कर पाई थी इसलिए उनको मिलने वाला समरसता/आदर्श प्रतिभा अवार्ड अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच सलाहकार बोर्ड के सदस्य इंजि नरेन्द्र कुमार पांडे एडवोकेट एव मंच के सांस्कृतिक सचिव लालबहादुर ने नेपाली टोपी पहनाकर, स्वर्ण पदक प्रदान कर, शाल ओढ़ाकर, आदर्श प्रतिभा का बैज व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# राजस्थान में साइबर सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे: बेढम

जयपुर, 17 जनवरी (वेब वार्ता)। राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार राज्य में साइबर सुरक्षा की दृष्टि से सकारात्मक कदम उठाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य को अपराध मुक्त किया जायेगा।

बेढम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान पुलिस साइबर अपराध जागरूकता मिशन के तहत आयोजित राजस्थान पुलिस हैकथॉन 1.0 के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिवेश में सोशल मीडिया के उपयोग से अनेक सुविधायें तो बढ़ी हैं, लेकिन इससे संबंधित अपराधों में भी वृद्धि हुई है। विशेष रुप से मेवात क्षेत्र में बढ़े अपराधों पर रोक लगाने के लिये सार्थक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने सभी जिलों में साइबर विशेषज्ञ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित करने का सुझाव दिया। आधिकारिक बयान के अनुसार इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने कहा कि राजस्थान पुलिस हैकथॉन शुरू कर साइबर सुरक्षा की दृष्टि से अभिनव शुरुआत की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय हैकाथॉन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और स्टार्टअप्स के 1665 प्रतिभागियों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इनमें लगभग 300 टीम भाग लेंगी। ये टीम 12 साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का समाधान निकालने के लिए 36 घंटे तक निरंतर काम करेंगी। हैकाथॉन के विजेताओं को विभिन्न श्रेणियां में कुल 20 लाख रुपये के नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही कई इच्छुक टीम को राजस्थान पुलिस के इंटर्नशिप प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा। साहू ने कहा कि राजस्थान पुलिस प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने, महिलाओं सहित कमजोर वर्गों को त्वरित न्याय दिलाने एवं आमजन के जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। डीजीपी (साइबर सुरक्षा) डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि साइबर अपराध पुलिस के समक्ष निरन्तर चुनौती प्रस्तुत कर रहे हैं। पुलिस साइबर अपराध की रोकथाम के लिए तत्परता से कार्य कर रही है।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री. आरके सिंह ने मुंबई में IEEMA के प्रमुख कार्यक्रम BID 2024 का उद्घाटन किया

**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**

मुंबई, 17 जनवरी (का.सं.)। **IEEMA,** भारतीय इलेक्ट्रिकल उपकरण विनिर्माण उद्योग का शीर्ष संघ, इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, ने **BuildELEC (BID)** 2024 के तीसरे संस्करण के साथ फ्लैगशिप इवेंट **DistribuELEC** और **IntELEC** का छठा संस्करण लॉन्च किया। 16 से 18 जनवरी तक निर्धारित तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर.के. सिंह द्वारा किया गया। बीआईडी 2024 को भारत सरकार द्वारा देश को बिजली की कमी से बिजली आपूर्ति वाले देश में बदलने में सहायता के लिए मजबूत बिजली सुधारों की पृष्ठभूमि में लॉन्च किया गया है। हाई-टेक बिजली वितरण पर भारत की प्रमुख प्रदर्शनी के रूप में, इस वर्ष का संस्करण 33**KV** तक के पूरे स्पेक्ट्रम को कवर करने वाले उत्पादों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का एक विस्तृत प्रदर्शन प्रदान करता है।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार। भारत सरकार ने कहा, मैं आईईईएमए को बिल्डईएलईसी, इंटेलईसी, डिस्ट्रीब्यूईएलईसी 2024 के लिए कार्यवाही शुरू करने के लिए बधाई देता हूं। पिछले 9 वर्षों में, हमने अपने उद्योग में महान परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं, बिजली क्षेत्र को बिजली की कमी से बिजली में बदल दिया है। पिछले 9 वर्षों में, 1,90,700 सीकेएम (जो लगभग 65% की वृद्धि है) के साथ, 4,79,185 सीकेएम का ट्रांसमिशन नेटवर्क दुनिया में सबसे बड़े राष्ट्रीय सिंक्रोनस ग्रिड के रूप में विकसित हुआ है। कुल अंतर- क्षेत्रीय विद्युत पारेषण क्षमता 1,16,540 मेगावाट तक बढ़ गई है, जो 9 वर्षों में दोगुनी से अधिक है। हमने ऊर्जा परिवर्तन में एक बड़ी महत्वाकांक्षा निर्धारित की है और 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म आधारित बिजली स्थापित करने की योजना बनाई है। हमने नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित की है 1,79,570 मेगावाट (हमारी कुल क्षमता का 43%) की क्षमता और अन्य 99,000 मेगावाट की स्थापना चल रही है। मेरे मंत्रालय ने इस बिजली की निकासी के लिए 500 गीगावॉट उत्पादन के साथ-साथ पारेषण प्रणाली की योजना शुरू की है।



## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिले चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी

जयपुर/चौमूं। चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उसके निजी आवास पर मुलाकात की और नववर्ष 2024 की शुभकामनाए भी दी वही अशोक गहलोत व भगवान सहाय सैनी के बीच लोकसभा चुनावो को लेकर लम्बी मंत्रणा चली। इस दौरान दिनेश कुमार सैनी नरेंद्र तंवर संजय सैनी राकेश इंदोरा व अशोक सैनी सहित कई लोग मौजूद रहें।

## बेनीवाल बोले- कल सर्वदलीय लिए बैठक का करुंगा बहिष्कार

जयपुर। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायक हनुमान बेनीवाल ने राजस्थान विधानसभा में होने जा रही सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार कर दिया है। बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी जो वादे कर सत्ता में आई थी। एक महीने का वक्त बीत जाने के बाद भी उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है। ऐसे में जब तक राजस्थान लोक सेवा आयोग को भंग कर पेपर लीक के दोषियों को गिरफ्तारी नहीं कर लिया जाता।

## गणेश मंदिर में स्वच्छता अभियान में शामिल हुए शिवराज

सीहोर, 17 जनवरी (वेब वार्ता)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर में स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।

# दावोस में तेलंगाना सरकार ने अदाणी के साथ 12 हजार 400 करोड़ रुपये के 4 समझौते किए

**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**

दावोस, 17 जनवरी (का.सं.)। अदाणी समूह और तेलंगाना सरकार ने आज वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2024 में 12,400 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए चार समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौते तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी की उपस्थिति में हुए।



यह समझौते तेलंगाना के ग्रीन, सस्टेनेबल, समावेशी और परिवर्तनकारी आर्थिक विकास के लिए नींव रखने में मदद करेंगे। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने आने वाले 5-7 वर्षों में 100 मेगावाट के डेटा सेंटर में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है, जो रिन्यूएबल एनर्जी द्वारा संचालित होगा। एईएल, इस प्रोजेक्ट के लिए विश्व स्तर पर एक सक्षम सप्लायर बेस विकसित करने के लिए स्थानीय एमएसएमई और स्टार्टअप्स के साथ मिलकर काम करेगा। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 600 लोगों को रोजगार मिलेगा।

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) कोयाबेस्टागुडेम में 850 मेगावाट और नचराम में 500 मेगावाट के दो पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा।

अंबुजा सीमेंट अगले पांच वर्षों में 1,400 करोड़ रुपये का निवेश कर, 6 एमटीपीए सीमेंट प्लांट स्थापित करेगी। यह यूनिट 70 एकड़ में स्थापित की जाएगी, जिससे अंबुजा की क्षमता में काफी वृद्धि होगी। इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से 4,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अदाणी एयरोस्पेस पार्क में काउंटर-ड्रोन और मिसाइल प्रणालियों के रिसर्च, डेवलपमेंट, डिजाइन, मैन्युफेक्क्चरिंग और एकीकरण के लिए व्यापक इकोसिस्टम स्थापित करने के उद्देश्य से 10 वर्षों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। इन प्रोजेक्ट्स के जरिए तैयार होने वाला विकसित इकोसिस्टम भारत की रक्षा क्षमता को काफी बढ़ाएगा और 1,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करेगा।

अदाणी पोर्टफोलियो के बारे में जानकारी

अहमदाबाद में मुख्यालय वाला, अदाणी पोर्टफोलियो भारत में विविध व्यवसायों का सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला पोर्टफोलियो है, जिसमें लॉजिस्टिक्स (बंदरगाह, हवाई अड्डे, लॉजिस्टिक्स, शिपिंग और रेल), संसाधन, बिजली उत्पादन और वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा, गैस और बुनियादी ढांचे में रुचि है। अदाणी अपनी सफलता और नेतृत्व की स्थिति का श्रेय %राष्ट्र निर्माण और अच्छाई के साथ विकास% के अपने मूल दर्शन को देता है - जो सतत विकास के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है। समूह स्थिरता, विविधता और साझा मूल्यों के सिद्धांतों के आधार पर अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण की रक्षा और समुदायों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

## इसरो ने मछुआरों की दूसरी पीढ़ी का डिस्ट्रेस अलर्ट ट्रांसमीटर किया विकसित

चेन्नई, 17 जनवरी (वेब वार्ता)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने समुद्र में मछुआरों के लिए मछली पकड़ने वाली नौकाओं से आपातकालीन संदेश भेजने के लिए एक स्वदेशी तकनीकी समाधान दूसरी पीढ़ी का डिस्ट्रेस अलर्ट ट्रांसमीटर (डीएटी) विकसित किया है।

इसरो ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि इसमें संदेश एक संचार उपग्रह के माध्यम से भेजे जाते हैं और एक केंद्रीय नियंत्रण स्टेशन (आईएनएमसीसी-भारतीय मिशन नियंत्रण केंद्र) पर प्राप्त होते हैं जहां मछली पकड़ने वाली नाव की पहचान और स्थान के लिए चेतावनी संकेतों को डिकोड किया जाता है। निकाली गई जानकारी भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) के तहत समुद्री बचाव समन्वय केंद्रों (एमआरसीसी) को भेज दी जाती है। इस जानकारी का उपयोग करके एमआरसीसी संकट में फंसे मछुआरों को बचाने के लिए खोज एवम बचाव अभियान चलाने के लिए समन्वय करता है। डीएटी 2010 से चालू है और अब तक 20 हजार से अधिक डीएटी का उपयोग किया जा रहा है। खराब मौसम, चक्रवात सुनामी या कोई अन्य आपात स्थिति के दौरान समुद्र में मछुआरों को पहले से ही चेतावनी संदेश भेजने का काम करेगी। डीएटी-एसजी के उपयोग से मछुआरों को मछली पकड़ने में अच्छी उपज मिलती है। समय और ईंधन की बचत होती है।

**IN THE COURT OF THE HON'BLE CHIEF JUDGE CITY CIVIL COURTS;**
**AT; HYDERABAD, Telangana State**
**O.P.No. 2947 of 2021**

**Between: -**
**Revally Srinivas** ...*Petitioner.*
AND
***Speed* King Cargo Movers, Rep.by its Manager and others.** ...*Respondents.*
To:
**Respondent No.3.**
**Geetam Singh S/O Vijay Sing, Age: Major, *Occ:* Driver, R/O: Mohan Colony, GT Road, Dhaulapur, Rajasthan state.**

Please take notice that the above case filed for compensation under M.V Act against you and others by the petitioner and the said case has been posted to 31.01.2024 for your appearance before this Hon'ble Court, therefore you are here by summoned to appear before the above cited Hon'ble Court on **31.01.2024 at 10.30 a.m.,** either in person or through duly instructed Advocate failing which an exparte order will be passed against you.

"BY ORDER OF THE COURT"
**A. SREEDAR REDDY**, ADVOCATE,
H.No. 8-6-882, Christian Colony, Sagar Road, Opp. Naveena School, Hasthinapuram, Hyderabad - 70. Cell: 9848512558

**CSL Finance Limited**

रजि. कार्यालय: 410-412,18/12, चौथी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए., आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005,
कार्पोरेशन कार्यालय: 716-717, 7वीं मंजिल, टावर - बी, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर-16, नोएडा, 201301, उत्तर प्रदेश,
फोन: +91 120 4290650/52/53/54/55, ईमेल: **info@cslfinance.in, Legal@cslfinance.in** वेब: **www.cslfinance.in**

**कब्ज़ा नोटिस [ ( परिशिष्ट IV ) नियम 8( 1 ) ] अचल संपत्ति के लिए**

जबकि अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत सीएसएल फाइनेंस लिमिटेड (इसके बाद कंपनी के रूप में संदर्भित) का अधिकृत अधिकारी है और नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करता है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ने नीचे उल्लेखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया।
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर मांगी गई राशि चुकाने में विफल रहे हैं, तदनुसार उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि कंपनी की ओर से अधोहस्ताक्षरी ने यहां वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उक्त नियमों के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दिया गया है।
विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर(ओं) और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे नीचे उल्लेखित संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और उक्त उचित तरीके से कोई भी लेनदेन पहले शुल्क के अधीन होगा। नीचे उल्लेखित राशि के लिए कंपनी, उस पर भविष्य के ब्याज सहित।

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम | सुरक्षित संपत्ति ( अचल संपत्ति ) का विवरण | मांग नोटिस दिनांक और राशि ( रुपये में ) | कब्ज़ा की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण संख्या **SMEJAISHAKL**0000005002346<br>1. विक्रम कुमार यादव (उधारकर्ता),<br>2. हरि चंद यादव (सह-उधारकर्ता),<br>3. धीर सिंह यादव (सह-उधारकर्ता)<br>4. बनारसी देवी (सह-उधारकर्ता/सुरक्षा प्रदाता) सभी पर: वार्ड नंबर 10 आमवाली ढाणी नांगल कोजू जयपुर राजस्थान -303804 | खसरा नंबर 1649 गांव नलगलकोजू तहसील चौमूं जिला- जयपुर राजस्थान कुल खसरा 1 कुल क्षेत्रफल 1.52 हेक्टेयर, जैसा पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 21/01/2022 के अनुसार क्षेत्रफल 840.75 वर्ग गज (यहाँ उक्त संपत्ति को टॉस करने के लिए संदर्भित किया गया है) श्रीमती बनारसी देवी पत्नी श्री हरचंद यादव द्वारा पंजीकृत उपहार विलेख संख्या 202203059100464 दिनांक 21/10/2021 उप रजिस्ट्रार चौमूं के साथ पंजीकृत उक्त संपत्ति के चार कोने:- पूर्व- स्व भूमि, पश्चिम- स्व भूमि, उत्तर- अन्य भूमि और रास्ता, दक्षिण- स्व भूमि। | **रु.20,61,344/-** (बीस लाख इकसठ हजार तीन सौ चौवालीस रुपये मात्र), **14.11.2023** तक भविष्य के ब्याज डिफ़ॉल्ट ब्याज, शुल्क, लागत, कर और शुल्क आदि के साथ। | 17.01.2024 |

**दिनांक: 17.01.2024 स्थान: जयपुर ( राजस्थान )** **एसडी/प्राधिकृत कार्यालय, सीएसएल फाइनेंस लिमिटेड**

**kotak** Kotak Mahindra Bank

**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**

**ऑनलाइन ई-नीलामी संपत्ति की बिक्री**

पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी 27, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई) मुंबई, महाराष्ट्र, पिन कोड-400 051 शाखा कार्यालय: पहली मंजिल, 232-233 एसडीसी टावर, अमरपाली सर्कल के पास, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर-302021

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित नियम 8(5) के तहत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित ऋणदाता को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका कब्ज़ा फुलर्टन के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (इसके बाद इसे ''एफआईएचएफसीएल'' कहा जाएगा), कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) के पक्ष में ''एफआईएचएफसीएल'' द्वारा ऋण के असाइनमेंट के अनुसार, संपत्ति ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ है'' के आधार पर बेची जाएगी। **09.02.2024 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच 5 मिनट** के असीमित विस्तार के साथ, रुपये की वसूली के लिए **16.01.2024 तक रूपये 20,35,571/- ( बीस लाख पैंतीस हजार पांच सौ इकहत्तर रुपये मात्र )** वसूली तक भविष्य में लागू ब्याज सहित, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के **ऋण खाता संख्या 602807510079961** के तहत, **श्री महेंद्र कुमार लोंगानी, श्रीमती कविता हरचंदानी, श्री अशोककुमार लोंगानी, श्रीमती दीपा लोंगानी और श्री कमलेश से सुरक्षित ऋणदाता उमरलोंगानी** आरक्षित मूल्य रु. 11,00,000/- (ग्यारह लाख रुपये मात्र) होगा और बयाना राशि रु. 1,10,000/- (एक लाख दस हजार रुपये मात्र) होगी और केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 08.02.2024 को सायं 6:00 बजे तक भारतीय नियमानुसार तक होगी।
**संपत्ति विवरण:**-संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल नंबर यू3/29, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मदनगंज, किशनगढ़ 305801 राजस्थान। उक्त संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व:-प्लॉट नंबर 66, पश्चिम:-प्लॉट नंबर 73 और 73-बी, उत्तर:-सड़क 30 फीट चौड़ी, दक्षिण:- प्लॉट नंबर 71
सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
सामान्य रूप से जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता कृपया ध्यान दें कि यदि यहां निर्धारित नीलामी किसी भी कारण से विफल हो जाती है तो सुरक्षित ऋणदाता सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री के माध्यम से सुरक्षा हित लागू कर सकता है। बिक्री के तहत संपत्ति के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में, बोलीदाता **श्री अक्षित सोलंकी ( +91 +91 6394015464 ), ( +91-9152219751 ), श्री राजेंद्र दहिया ( +91 8448264515 )** से संपर्क कर सकते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया कोटक महिंद्रा बैंक की वेबसाइट यानी **www.kotak.com/** पर दिए गए लिंक **https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** और या **https://Bankeauctions.in** पर देखें।

**स्थान: जयपुर दिनांक: 18.01.2024** **कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के लिए प्राधिकृत अधिकारी**

**VASTU HOUSING FINANCE**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, ''ए'' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी ( पश्चिम ), मुंबई 400015 महाराष्ट्र
**CIN No.: U65922MH2005PLC272501**

**कब्ज़े की सूचना**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते और धारा 13(12) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 9 के साथ पठित हैं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002, ने एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए कहा गया था। कर्जदारों द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा जो नीचे दी गई राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा, लागत आदि।

| क्र. सं. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और लैन नंबर | मांग सूचना की दिनांक और राशि | संपत्ति का विवरण | दिनांक और प्रकार का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वर्गीय मेघराज (मृतक) सभी कानूनी उत्तराधिकारियों (आवेदक) के माध्यम से, स्वर्गीय मेघराज की पत्नी गीता बाई (सह आवेदक और मृतक का कानूनी उत्तराधिकारी आवेदक), स्वर्गीय मेघराज की पुत्री बंटी कुमारी (मृतक आवेदक की कानूनी उत्तराधिकारी), अन्तिमा स्वर्गीय मेघराज की पुत्री अन्तिमा कुमारी (मृतक का कानूनी उत्तराधिकारी आवेदक), स्वर्गीय मेघराज की बेटी नीतू कुमारी (मृतक आवेदक की कानूनी उत्तराधिकारी), स्वर्गीय मेघराज का पुत्र तेजराज (अभिभावक के माध्यम से मृत आवेदक के कानूनी उत्तराधिकारी), कपिल कुमार मेहता एलपी0000000036578 | 19-10-2023 रु. 521176 से 12-10-2023 तक | क्षेत्रफल 1120 वर्ग फुट, पट्टा संख्या 3402, खसरा संख्या 282, मिसल संख्या 02, ग्राम पंचायत बश्याहेड़ी कोटा, राजस्थान, 325602 | सांकेतिक कब्ज़ा कर लिया गया 12-01-2024 को |
| 2. | दुष्यंत कुमार शर्मा, महावीर प्रसाद शर्मा, अनोख देवी, सोनू शर्मा एलपी0000000089944 | 19-10-2023 रु. 2726241 से 12-10-2023 तक | संपत्ति का क्षेत्रफल 9393 वर्ग फुट, खसरा नंबर 554 पर, ग्राम सावनभादो, ग्राम पंचायत सावनभादो, पंचायत समिति सांगोद, कोटा, राजस्थान, 325602 | सांकेतिक कब्ज़ा कर लिया गया 12-01-2024 को |
| 3. | राजेंद्र सिंह, रीना कुँवर एचएल0000000033885 और एलपी0000000052874 | 19-10-2023 रु. 610974 और रु. 212098 से 12-10-2023 तक | पट्टा संख्या 003, ग्राम- केलवा, ग्राम पंचायत- केलवा, पंचायत समिति- राजसमंद राजस्थान, 313334 माप क्षेत्रफल 1684.44 वर्ग फीट। | सांकेतिक कब्ज़ा कर लिया गया 16-01-2024 को |

**दिनांक : 18.01.2024** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान : कोटा, राजसमंद** **वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिंक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेल: **yuvrajsinghh@gmail.com**